# शमशाबाद का नाम सूर्य नगर होगा, मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा जिले के शमशाबाद में आयोजित कार्यक्रम में बड़े विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने शमशाबाद का नाम बदलकर सूर्य नगर करने की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने 163 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगरप्रिंट जांच प्रयोगशाला का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शमशाबाद पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा भी रथ पर सवार होकर रोड शो में शामिल हुए। रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनसभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम में 104 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से 56 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया, जबकि 59 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 41 कार्यों का लोकार्पण किया गया। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 53 करोड़ 26 लाख रुपये के 11 कार्यों का भूमिपूजन और 69 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण हुआ।

सिरोंज, कुरवाई, विदिशा और गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्रों में भी कई विकास कार्यों की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिंचित क्षेत्र का विस्तार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में किसानों के हित में कई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने शमशाबाद नगर परिषद के विकास के लिए तीन करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। साथ ही नए सब स्टेशन निर्माण, संजय सागर बांध और सगड़ बांध से सिंचाई परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं को चिरस्थायी बनाने पर प्रभारी मंत्री ने दिया जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** प्रदेशयापी जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च के अंतर्गत जिले में भी यह अभियान शुरू होगा, जिसके संबंध में की जा रही तैयारियों की प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने समीक्षा की।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने शमशाबाद स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनने वाली जल संचय संरचनाओं को चिरस्थायी बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कार्यों में गुणवत्ता और स्थायित्व सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अन्य जिलों के उदाहरण देते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले के प्राचीन कुएं और बावड़ियां अपने मूल स्वरूप को नहीं खोएं तथा उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया कि 19 मार्च से प्रारंभ से प्रारंभ होने वाली जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागवार जो कार्य योजना बनाई गई है।

## होली पर आध्यात्मिक और ज्ञान के रंग में रंगने का संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** बरेठ रोड स्थित चर्च वाली गली में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नन्दनी दीदी ने कहा कि अब तक लोग केवल स्थूल रंगों, माया के रंग और विकारों के रंग में ही होली खेलते आए हैं, जिससे होली का वास्तविक आध्यात्मिक महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि होली का असली अर्थ पवित्रता है और इस पर्व का उद्देश्य जीवन में ज्ञान और सद्भावना का संचार करना है।

उन्होंने बताया कि जब मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और नफरत जैसी बुराइयों में फंस जाता है, तब आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता होती है। आध्यात्मिक व्याख्या के अनुसार भगवान शिव मानव समाज के विकारों के विष को समाप्त कर ज्ञानामृत का संचार करते हैं। इसलिए हमें ज्ञान के रंग से अपने जीवन को भरकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को अपनाना चाहिए। ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में होली का स्वरूप बदलता जा रहा है और जुआ, शराब तथा अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, जो समाज के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि आत्मज्ञान के माध्यम से ही सामाजिक भेदभाव और नफरत को समाप्त किया जा सकता है।

## रंग पंचमी पर गंजबासौदा में निकलेगा भव्य जुलूस

**गंजबासौदा।** रंग पंचमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए आज शहर में भव्य रंगारंग जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस की शुरुआत गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा की जाएगी। इस जुलूस में जनप्रतिनिधि, पार्षद, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, नगर के गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहेंगे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता-कार्यकर्ता भी जुलूस में भाग लेकर लोगों को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देंगे। जुलूस गांधी चौक से सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, नया बाजार और जय स्तंभ चौक होते हुए रेलवे स्टेशन से गुजरकर हनुमान मंदिर मिल रोड पर समाप्त होगा। जुलूस में ग्रामीण क्षेत्रों के फाग गायक अपनी-अपनी टोली के साथ पारंपरिक गीत प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा राई नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक आकर्षण भी जुलूस का हिस्सा रहेंगे। रंग पंचमी पर शहर का बाजार बंद रहने की परंपरा है।

## रायसेन किले की तोप के साथ बनाई गई रील पर विवाद, तहसीलदार ने दिए जांच के निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** ऐतिहासिक रायसेन किले पर रमजान माह में तोप चलाए जाने की परंपरा नबाबी शासनकाल से चली आ रही है। लेकिन इसी परंपरा से जुड़ी तोप के साथ बनाई गई एक रील ने अब विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को लेकर मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमजान के दौरान दानिश स्टार नामक युवक ने किले पर मौजूद ऐतिहासिक तोप के साथ एक रील बनाई। रील में अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए यह संदेश दिया गया कि हिंदुस्तान के मुसलमान युद्ध में ईरान का साथ देंगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसे लेकर लोगों ने आपत्ति जताई।

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट किया। उन्होंने वीडियो को गंभीर बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन भी हरकत में आ गया है। रायसेन तहसीलदार भरत सिंह मांडले ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि ऐतिहासिक धरोहर के दुरुपयोग और सांप्रदायिक संवेदनशीलता के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यदि जांच में किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री या नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है:** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। मामले की जांच पुलिस को सौंपी गई है। यदि ऐतिहासिक धरोहर का दुरुपयोग या कोई आपत्तिजनक बात सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**भरत मांडरे,** तहसीलदार रायसेन

## चेकिंग पॉइंट बनाकर ड्राइवरों के लाइसेंस, नशे की स्थिति और ड्रेस संबंधी जांच करें: कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद सहित नगर निगम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यातायात व्यवस्था सुधार, महिला अपराध रोकथाम, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति अभियान, धोखाधड़ी, गबन और अवैध खनन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि व्यवसायिक वाहनों की पीयूसी जांच के लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए प्रमुख स्थानों पर चेकिंग पॉइंट बनाकर ड्राइवरों के लाइसेंस, नशे की स्थिति और वर्दी/ड्रेस संबंधी जांच भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ओवरलोडिंग तथा तेज गति से बस चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इंदौर-उज्जैन रूट पर चलने वाली बसों के समय निर्धारण और शहर में बस स्टॉपेज तय करने के लिए रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने राहवीर योजना और कैशलेस स्कीम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य और आरटीओ विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

देवास के माता टेकरी क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए अवैध दुकानों और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। यहां लाइट व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गश्त बढ़ाने को कहा गया। साथ ही दुकानदारों को प्रसाद के नाम पर पार्किंग शुल्क वसूलने से सख्ती से रोका जाएगा। बैठक में एमजी रोड सहित प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, दुर्घटना संभावित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप लगाने और ब्लैक स्पॉट सुधार कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। हार्वेस्टर संचालन में स्ट्रा रीपर अनिवार्य करने और नरवाई जलाने से रोकने के लिए किसानों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

## चौड़ीकरण के विरोध में गोपाल मंदिर तक सोमवार को बंद रहेगा बाजार

**उज्जैन।** गोपाल मंदिर से महाकाल मार्ग व्यापारी एवं रहवासी महासंघ के आह्वान पर गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा के व्यापारी अपना व्यापार-व्यवसाय बंद रखकर प्रशासन द्वारा प्रस्तावित मनमाने चौड़ीकरण का विरोध करेंगे। इस दौरान व्यापारी सोमवार को पूरा मार्केट बंद रखेंगे। व्यापारी एवं रहवासी महासंघ ने बताया कि समाचार पत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब गोपाल मंदिर से महाकाल मार्ग को 20 मीटर (यानी लगभग 65 फीट) चौड़ा बनाने की योजना एमआईसी ने पास की है। जिसके मुताबिक पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा तक दोनों ओर 12-12 फीट तक के भवनों एवं दुकानों को तोड़ा जाएगा। यह क्षेत्र उज्जैन शहर का प्राचीनतम एवं व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र है। इस क्षेत्र में स्थित लगभग 70 प्रतिशत प्रतिष्ठानों का क्षेत्रफल बहुत ही कम है। यदि इन्हें अब और 12 फीट तोड़ दिया जाता है, तो कई पुराने व्यापारिक प्रतिष्ठान खत्म हो जाएंगे।

## 60 बालिकाओं को लगाई एचपीवी की वैक्सीन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 07 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 60 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

**स्पेशल खबर** महिला आयोग के कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मेंटल हेल्थ और सायबर वेलबीइंग पर हुए महत्वपूर्ण सत्र

## अधिकार, न्याय और कार्यवाही से ही होगा वास्तविक महिला सशक्तिकरण : सुश्री भूरिया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा, न्याय की सुनिश्चितता और ठोस कार्यवाही ही महिला सशक्तिकरण की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने महिला दिवस, होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का अवसर है।

कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मानसिक स्वास्थ्य तथा साइबर वेलबीइंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। सत्र में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री सुश्री भूरिया ने महिला आयोग और सहयोगी संस्थाओं द्वारा 'महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्यवाही' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाज की अशासकीय संस्थाएं और जागरूक नागरिक छोटे-छोटे प्रयासों से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बनाते हैं।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान ने बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं।मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पंचायती राज और शहरी निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, महिला पुलिस यूनिट और फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसे प्रयास महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत बना रहे हैं।


मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। समाज के सभी वर्ग जब मिलकर समानता और न्याय के लिए प्रयास करेंगे, तभी सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव होगा। स्पेशल डीजी, पुलिस श्री अनिल कुमार ने कहा की घरेलू हिंसा एक ऐसी समस्या है जिसका निदान भी खुद उस महिला के पास है। उन्होंने कहा कि अगर हर महिला यह समझ ले कि 'सास भी कभी बहू 'थी तो सास और बहू के बीच की हिंसा भी रुक जाएगी।

डीजी, सामुदायिक पुलिसिंग श्री विनीत कपूर ने कहा कि महिलाओं के लिए हेल्प-डेस्क हर थाने में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को रोकने के लिए कम्युनिटी आउटरीच होना बहुत जरूरी है। श्री कपूर ने कहा कि महिलाएं जागरूक होंगी तो अपने अधिकार से न्याय के लिए उचित कार्यवाही करने के लिए आवाज उठाएगी।

कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं ने पॉवर वॉक कर दर्शाया कि कठिनाइयों के बाद भी अगर सही काउंसलिंग और सकारात्मक सोच से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के मध्य सायबर वेलबीइंग पर एमओयू हुआ।

# खास-खबरें

## जबलपुर में शास्त्रीय संगीत की सुरमयी शाम, 'राग मंत्र' का आयोजन




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, जबलपुरः** आर्ट हब, हैदराबाद और आई.टी.सी. कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह में 'राग मंत्र' शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया गया। इस संगीत संध्या में पुणे से पधारे पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर का शास्त्रीय गायन और आई.टी.सी. कोलकाता से पधारे श्री शौनक रॉय का सरोद वादन प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष पद्मश्री पंडित सुरेश तलवलकर और पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में श्री शौनक रॉय ने राग छायानट में सरोद वादन प्रस्तुत किया, जिसमें तीनताल में दो बंदिशें शामिल थीं। अंत में उन्होंने शुद्ध वसंत राग में दो गतें प्रस्तुत कीं। उनके साथ तबले पर श्री जयंत सरकार ने मधुर और सधी हुई संगत दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में पुणे से पधारे सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर ने ग्वालियर, आगरा और जयपुर घराने की शैली का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। उन्होंने राग नंद से गायन शुरू किया और विलंबित ख्याल तथा छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर पद्मश्री पंडित तालयोगी श्री सुरेश तलवलकर ने संगत की।

## विद्यार्थियों को कॉलेज में उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है लक्ष्य : राय



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज सीहोर के लिए विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा आयुष मध्य प्रदेश शासन के मंत्री इंदर सिंह परमार ने 15 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत की गई राशि से विद्यार्थियों के लिए नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा और क्षतिग्रस्त पुराने भवन में सुधारीकरण कार्य संपन्न कराया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य रोहितशाय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के हित में विधायक सुदेश राय से हमारे द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए शासकीय मद से धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ चंद्रशेखर आजाद कॉलेज में नए भवन निर्माण के लिए 7 करोड़ 66 लाख 93 हजार और पुराने भवन के रखरखाव और अन्य जरूरी निर्माण कार्यों के लिए 7 करोड़ 77 लाख 17 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उन संघर्षों और सफलताओं के उत्सव का नाम है, जिसे समाज की बेटियां अपने हौसलों से लिखती हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि प्राप्त छात्रा वॉलंटियर्स, महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक एवं स्टॉफ की महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी ने करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं की आवाज को मजबूत करना, समाज में फैले भेदभाव और रूढ़िवादिता को चुनौती देकर ऐसा बदलाव लाना है जिससे महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी और सम्मान मिले। स्वागत भाषण देते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 'गीव टू गैन' थीम पर मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि महिलाओं के उत्थान में योगदान देना पूरे समाज की प्रगति का मार्ग है। जब हम महिलाओं को अवसर, शिक्षा, और संसाधन देते हैं, तो बदले में एक बेहतर और संतुलित समाज प्राप्त होता है।

## पाटीदार समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मिसरोद भोपाल में 25 फरवरी को साध्वी रंजना जी के विवाद में पाटीदार समाज के युवाओं पर एक तरफा पुलिस कार्यवाही को लेकर पाटीदार समाज जिला सीहोर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर सीहोर को बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा रैली निकालकर अनोखे अंदाज में रामधुन गाते हुए अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। पाटीदार समाज सीहोर के मनोज गुजराती ने बताया कि भोपाल में मिसरोद पुलिस द्वारा पाटीदार समाज के युवाओं पर एक तरफा कार्यवाही करते हुए गैर जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। ज्ञापन का वाचन मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार नंदू भैया द्वारा किया गया,उपस्थित समाज जनों में प्रमुख रूप से मनोज गुजराती, रघुनंदन निगोदिया, मुकेश मास्टर साहब, राजीव गुजराती, सुभाष पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, विष्णु प्रसाद पटेल, मनोहर पाटीदार, सुरेश पाटीदार, रमेश पाटीदार, झरखेड़ा श्यामपुर दिनेश पाटीदार, सियाराम, घनश्याम पाटीदार, प्यारेलाल, विष्णु बेलावत, सतोरनिया से लक्ष्मी नारायण पटेल, भगवान सिंह, श्रीनाथजी, रोला से रामनारायण, पूर्व सरपंच मनोज पाटीदार, नर्मदा प्रसाद पाटीदार, जिला अध्यक्ष पाटीदार समाज परमानंद, अजय, जगमोहन सहित ग्राम मुंगावली के नागरिकण भी बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।